गुरु गोरक्षनाथ स्मृति उत्सव

चर्चा में क्यों?

4 मई,2023को हरियाणा के करनाल में गुरु गोरक्षनाथ स्मृति उत्सव मनाया गया। इस राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अनेक घोषणाएँ कीं।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में एक शिक्षण संस्थान का नाम गुरु गोरखनाथ के नाम पर रखा जाएगा। इसके अलावा, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर, रोहतक में गुरु गोरखनाथ के नाम पर एक पीठ (चेयर) स्थापित की जाएगी, जो उनके जीवन और उनकी शिक्षाओं पर शोध करेगी।
- मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि नाथ संप्रदाय के लोगों को पुजारी-पुरोहित कल्याण बोर्ड में शामिल किया जाएगा।
- राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में बीसी (ए) वर्ग को आरक्षण प्रदान किया था। अब नगर निकायों में भी इसी तर्ज पर बीसी (ए) वर्ग को आरक्षण प्रदान किया जाएगा।
- बच्चों को बाबा गोरखनाथ की शिक्षाओं से अवगत करवाने के लिये गुरु गोरखनाथ की जीवनी व उनकी शिक्षाओं का उल्लेख स्कूली पाठ्यक्रम में किया जाएगा।
- योगी समाज जहाँ सहमति प्रदान करेगा, उन शहरों में गुरु गोरखनाथ के नाम पर चौक या मार्गों का नाम रखा जाएगा।
- गौरतलब है कि राज्य सरकार ने संत-महापुरुषों की शिक्षाओं का प्रचार करने हेतु संत-महापुरुष सम्मान एवं प्रचार-प्रसार योजना के तहत सभी संत-महापुरुषों की जयंतियाँ सरकारी तौर पर मनाई जा रही हैं। यह स्मृति उत्सव भी इसी कड़ी में आयोजित किया गया है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/guru-gorakshanath-memorial-festival